**Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited**
**CIN No. : U85100BR2010SGC015886**

**BMSICL**
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांकः— BMSIC/80120/14-2020/ दिनांकः—....... / 07 / 2023

प्रेषक,

उपमहाप्रबंधक (मु0)
BMSICL, Patna

सेवामें,

Smarat Buildtech (India) Pvt. Ltd.,
At.-Kolhayapatti, Murliganj Middile Chowk,
P.S.-Murliganj, Dist.-Madhepura, Bihar.

विषयः— अनुमंडलीय अस्पताल, बारसोई, जिला कटिहार में MNCU का भवन निर्माण कार्य के धीमी प्रगति के कारण डिबार करने के संबंध में।

प्रसंगः— इस कार्यालय का पत्रांकः— BMSIC/80120/14-2020/8412, दिनांकः—02.02.2022, पत्रांकः— BMSIC/80120/14-2020/2557 दिनांकः—12.07.2022, BMSIC/80120/14-2020/2939 दिनांकः—02.2022 (अंतिम स्मार पत्र), BMSIC/80120/14-2020/2557 दिनांकः—12.07.2022, एवं क्षेत्रीय उपमहाप्रबंधक (परि0) के पत्रांकः— BMSIC/Pur-Div/286 दिनांकः—23.03,2023

महाशय,

उपरोक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्रों एवं क्षेत्रीय उपमहाप्रबंधक (परि0) के प्रासंगिक पत्रांकः— BMSIC/Pur-Div/286 दिनांकः—23.03,2023 तथा दूरभाष के माध्यम से विषयांकित परियोजना की प्रगति धीमी रहने के कारण समानुपातिक प्रगति का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु निदेशित किया गया था, फिर भी आपके द्वारा परियोजना में समानुपातिक प्रगति लाने की दिशा में कोई समुचित प्रयास नहीं किया गया, जिसके कारण इस कार्यालय के पत्रांकः—BMSIC/80120/14-2020/2557,दिनांकः—12.07.2022 / BMSIC/80120/14-2020/2939 दिनांकः— 27. 07.2022 के माध्यम से स्पष्टीकरण की माँग की गई, परंतु आपके द्वारा स्पष्टीकरण का जवाब समर्पित नहीं किया गया। स्पष्टीकरण का जवाब समर्पित नहीं करने के फलस्वरूप पुनः उपमहाप्रबंधक(परि0), पूर्णियाँ / अररिया / किशनगंज / कटिहार के द्वारा पत्रांकः—BMSIC/PUR-Div/146, दिनांकः—09.01.2023 के माध्यम से अंतिम रूप से स्मारित कराते हुये 07 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया गया अन्यथा एकरारनामा के सुसंगत कंडिका के आलोक में आपके फर्म को डिबार करने की अनुशंसा कर दी जायेगी।

विदित है कि उक्त स्पष्टीकरण का उत्तर दिनांकः—29.01.2023 को समर्पित किया गया जिसमें आपके द्वारा दिनांकः—15 मार्च 2023 तक कार्य पूर्ण कर लेने का समय की मांग किया गया। परन्तु आपके द्वारा निर्धारित समय 15.03.2023 तक कार्य समाप्त नहीं करने के फलस्वरूप उपमहाप्रबंधक (परि0), पूर्णियाँ / अररिया / किशनगंज / कटिहार के द्वारा पत्रांकः—BMSIC/PUR-Div/286, दिनांकः—23.03.2023 के माध्यम से स्पष्टीकरण की मांग की गई, जिसका जवाब अप्राप्त है।

उल्लेखनीय है कि कार्यादेश में प्रावधानित कार्यपूर्णता की तिथि समाप्त हो जाने के पश्चात् भी अभी तक आपके द्वारा लगभग 45% मात्र हीं कार्य पूर्ण कराया गया है, जिससे स्पष्ट है कि आपके द्वारा जानबूझकर परियोजना पूर्ण करने की दिशा में लापरवाही बरती गई है, जिसके कारण सरकार द्वारा स्वीकृत इस परियोजना का निर्माण ससमय पूर्ण नहीं कराया जा सका है।

आपके द्वारा निर्धारित अवधि बीत जाने के उपरांत भी कार्य समाप्त नहीं होने के फलस्वरूप उपमहाप्रबंधक (परि0), पूर्णियाँ / अररिया / किशनगंज / कटिहार के द्वारा पत्रांकः—BMSIC/PUR-Div/334, दिनांकः—21.04.2023 के माध्यम से संवेदक को किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित / डिबार करने की अनुशंसा के साथ निर्माणाधीन कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए अन्यथा विषयांकित कार्य का एकरारनामा रद्द करते हुए सुरक्षित जमा राशि जब्त करने की कार्रवाई की अनुशंसा की है।

**Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited**
**2nd & 3rd Floor, Swasthya Bhawan, Behind IGIMS, Sheikhpura,**
**Adjacent to State Health Society, Patna 800014, Bihar.**
**Phone/Fax: +91-6122283287, +91-6122283289**
**www.bmsicl.gov.in**

अतः उपरोक्त विषयांकित कार्य में बरती गई लापरवाही के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के कंडिका 11 (क) (ii) में वर्णित प्रावधानों के तहत आपके फर्म को कार्य पूर्ण होने तक निलंबित करते हुए किसी भी निविदा में भाग लेने से डिबार किया जाता है।

इस प्रस्ताव पर प्रबंध निदेशक महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह0/–
उपमहाप्रबंधक (मु0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80120/14-2020/ दिनांकः–......../07/2023

प्रतिलिपिः–मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना)/ महाप्रबंधक (वित्त)/महाप्रबंधक (मु0)/सभी क्षेत्रीय उपमहाप्रबंधक (परि0), बी0 एम0 एस0 आई0 सी0 एल0, पटना/पर्यवेक्षण परामर्शी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

उपमहाप्रबंधक (मु0)

ज्ञापांकः–BMSIC/80120/14-2020/ दिनांकः–......../07/2023

प्रतिलिपिः–सिविल सर्जन, कटिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
उपमहाप्रबंधक (मु0)

ज्ञापांकः–BMSIC/80120/14-2020/ दिनांकः–......../07/2023

प्रतिलिपिः–जिलाधिकारी, कटिहार को सादर सूचनार्थ समर्पित।

ह0/–
उपमहाप्रबंधक (मु0)

ज्ञापांकः–BMSIC/80120/14-2020/ दिनांकः–........./07/2023

प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुल निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, भवन निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार औद्योगिक विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना एवं सभी कार्य विभाग को सादर सूचनार्थ समर्पित।

ह0/–
उपमहाप्रबंधक (मु0)

ज्ञापांकः–BMSIC/80120/14-2020/ दिनांकः–......../07/2023

प्रतिलिपिः–प्रबंध निदेशक, बी0एम0एस0आई0सी0एल0, पटना के आशुलिपिक को प्रबंध निदेशक महोदय के सूचनार्थ समर्पित।

ह0/–
उपमहाप्रबंधक (मु0)

ज्ञापांकः—BMSIC/80120/14-2020/3158 दिनांकः—19/07/2023

प्रतिलिपिः—श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम), बी0एम0एस0आई0सी0एल0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त के आलोक में पत्र को बी0एम0एस0आई0सी0एल0 के बेवसाइट पर संवेदक के डिबार लिस्ट में प्रकाशित किया जाए।

उपमहाप्रबंधक (मु0)